प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.07.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान शिक्षकों के तबादलों पर रोक लगाने का निर्णय हो सकता है। इसके अलावा एचआरटीसी के घाटे की रिर्पोट और होम स्टे नीति पर भी चर्चा होने की संभावना है। बैठक में अगस्त माह में होने वाले विधानसभा के मॉनसून सत्र पर भी चर्चा हो सकती है।

पैराग्लाडिंग

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु ने कांगड़ा जिले के बीड़–बीलिंग में 2 से 9 नवंबर तक आयोजित किए जाने वाले विश्व पैराग्लाडिंग कप की आधिकारिक वेबसाइट का कल शुभारंभ किया। वेबसाइट में विश्व कप से जुड़ी हर जानकारी हासिल हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व कप का आयोजन बीलिंग पैराग्लाडिंग एसोसिएशन के सहयोग से किया जाएगा, जिससे प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में 50 देशों के 1 सौ 30 पायलट हिस्सा लेंगे।

कारगिल विजय दिवस

कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिमला स्थित मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान पर दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अलावा वीरता पुरस्कार विजेताओं द्वारा शिमला के स्कूलों में प्रेरकवार्ता भी आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को कारगिल विजय दिवस के महत्व से अवगत करवाना है। इस दौरान सेना के हथियार और उपकरण प्रदर्शन व मुफ्त चिकित्सा शिविर के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान इस वर्षगांठ को भाजपा दो चरणों में आज और कल मनाएगी। राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने बताया कि पहले चरण में आज विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक मंडल में मशाल रैलियां निकाली जाएगी। दूसरे चरण में 26 जुलाई को वीरों की शौर्य गाथा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जवान–शहीद

श्रीनगर के समीप आतंकवादियों के साथ कल हुई मुठभेड़ में ऊना जिले के बंगाणा के सेना के जवान नायक दिलावर खान शहीद हो गए। बंगाणा के घरवासड़ा के रहने वाले 28 वर्षीय दिलावर की पार्थिव देह आज दोपहर बाद उनके पैतृक गांव लाई जाएगी। सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक लैफ्टिनेंट कर्नल एस. के. कालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे राजकीय सम्मान के साथ आज उनकी अंत्येष्टि की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनकी शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

सम्पूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा देश के आकांक्षी जिलों में चलाए जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत चंबा जिला में कृषि विभाग ने किसानों के खेत– खलिहानों की निशुल्क मिट्टी जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करवाने की कवायद शुरू की है। आयोग के दिशा–निर्देशानुसार यह अभियान 30 सितम्बर तक चलेगा। कृषि उपनिदेशक चंबा कुलदीप सिंह धीमान ने बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चलाए गए सम्पूर्णता अभियान में वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या का एक संकेतक कृषि विभाग से संबंधित है जिस पर कार्य आरम्भ कर दिया गया है। उन्होने कहा कि खेत की उपजाऊ क्षमता जानने तथा निशुल्क मिट्टी परीक्षण के लिए किसान कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने किसानों से इस अभियान में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ स्थानों पर मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने 27 से 30 जुलाई तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच कुल्लू जिला के मनाली में सोलंगनाला के निकट अंजनी महादेव नाले में बीती रात बादल फटने की वजह से ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ गया है। नाले का मलबा पलचान पुल तक आ गया जिसके चलते मनाली–लेह मार्ग पलचान के पास फिलहाल बंद है। इस घटना में एक मकान व पलचान स्थित पावर हाउस को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल किसी भी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से नदी नालों से दूर रहने की अपील की गई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबारों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–बीड़ मे पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2 नवंबर से। दैनिक जागरण के शब्द है–पैराग्लाईडिंग में बढ़ाएंगे महिलाओं की भागीदारी।

पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिमाचल में तीन साल एक ही जगह पर डटे ऑफिसरों के होंगे तबादले।

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–पर्यटकों को दी जा रही बेहतर सुविधाएं। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–जेओए आईटी की सौ 17 का रिजल्ट जल्द घोषित होगा।

दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार–हिमाचल में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए दो हजार 6 सौ 98 करोड़ रूपए मंजूर।

दिव्य हिमाचल के मुताबिक–हिमाचल को प्लास्टिक कचरा मुक्त करने को बनाएं एसटीएफ–हाईकोर्ट ने सरकार को विशेष कार्यबल के गठन के लिए दिया पहली अगस्त तक का समय।

दैनिक भास्कार के शब्द है–सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रकों को विशेष पथकर से छूट।

अमर उजाला की एक खबर है–अब तक 40 प्रतिशत से कम बरसा मॉनसून, कई क्षेत्रों में सूखे जैसे हालात।

———————————————————